प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
23.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19.45बजे

" मुख्य समाचार"

- प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के 6 साल पूरे– देश भर में करीब 55 करोड़ लोगों को मिला योजना का लाभ।
- राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन दिल्ली में शुरू– विधानसभा अध्यक्ष ने कार्य संचालन में बदलाव और वित्तीय स्वायतता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रेणुका विधानसभा क्षेत्र में दो करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं के किए उद्घाटन।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने वक्फ बोर्ड में सुधार करने की बताई ज़रूरत।

आयुष्मान भारत

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना–आयुष्मान भारत के आज छह वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के रांची में आज ही के दिन वर्ष 2018 में इस योजना की शुरुआत की थी। इस योजना का लक्ष्य प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराना है। इस योजना का लाभ 12 करोड 37 लाख परिवारों के लगभग 55 करोड लोग ले रहे हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि पिछले छह वर्षों में इस महत्वाकांक्षी योजना ने करोडों लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया है। पिछले छह वर्षों में इस योजना से लगभग आठ करोड़ लाभार्थियों ने कैशलेस उपचार का लाभ उठाया है और इस पर सरकार द्वारा एक लाख सात हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए है। हाल ही में मोदी सरकार ने इस योजना का लाभ 70 वर्ष और उससे अधिक के सभी वरिष्ठ नागरिकों को भी दिया है। इससे लगभग छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

जागरूकता कार्यक्रम

इस बीच प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जनआरोग्य योजना के 6 वर्ष पूरे होने पर कुल्लू ज़िला में पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत 30 सितम्बर तक ज़िलेभर के लोगों को आयुष्मान भारत जनआरोग्य योजना और आयुष्मान भारत हैल्थ अकाउंट के बारे में जागरूक किया जाएगा। कुल्लू के सीएमओ डॉक्टर नागराज पवार ने आज कुल्लू अस्पताल में इस पखवाड़े का शुभारंभ किया। 23 सितम्बर 2018 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रांची से शुरू की गई इस योजना के तहत कुल्लू ज़िला में 23 हज़ार लोगों को लाभ मिला है। इसके तहत 24 करोड़ 43 लाख रूपये की राशि खर्च की गई है। सीएमओ ने बताया कि ज़िले में 3 लाख 82 हज़ार 8 सौ 52 लोगों के आभा आईडी बन चुके हैं और इस योजना के माध्यम से 2 सौ 27 स्वास्थ्य संस्थान जुड़ चुके हैं।

संसद–सम्मेलन

10वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन आज नई दिल्ली में शुरू हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला की अध्यक्षता में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी, सभापति, अध्यक्ष और उपसभापति भाग ले रहे हैं। सम्मेलन का विषय सतत और समावेशी विकास प्राप्त करने में विधायी निकायों की भूमिका है। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने बदलते परिदृश्य के मद्देनजर लोगों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए देश के विधायी निकायों को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन में प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन की कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कार्य संचालन में बदलाव और वित्तीय स्वायतता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि विधानसभा सचिवालय के पास अपनी वित्तीय स्वायतता होनी चाहिए, क्योंकि विधानसभा की कार्यवाही समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कई तरह के आयोजनों की आवश्यकता रहती है।

बैठक

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की एक बैठक आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में संगठन की मजबूती और सरकार के साथ तालमेल बढ़ाने को लेकर रणनीति बनाई गई। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व हिमाचल के सहप्रभारी विधित चौधरी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और प्रदेश से जुड़े पार्टी के अन्य मामलों को हल करने के लिए केन्द्रीय आलाकमान के पास मजबूती से पैरवी करेंगे। प्रतिभा सिंह ने बताया कि सरकार और संगठन में अच्छा तालमेल है और सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कांग्रेस पार्टी कार्य कर रही है। बैठक में सरकार के मंत्री, विधायक, महासचिव, सचिव, ज़िला अध्यक्ष और प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

समिति

प्रदेश में चल रहे अवैध मस्जिद निर्माण के विरोध में देवभूमि संघर्ष समिति 28 सितम्बर को सभी ज़िला मुख्यालयों में प्रदर्शन करेगी। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान समिति के संयोजक भरत भूषण ने कहा कि यदि 5 अक्तूबर को नगर निगम कोर्ट ने संजौली मस्जिद मामले में कोई फैसला नहीं लिया तो समिति प्रदेशभर में जेल भरो आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि बाहरी राज्यों से बिना पहचान के हिमाचल आकर लोग माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं जिसे देवभूमि के लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे।

अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज सिरमौर जिला के रेणुका विधानसभा क्षेत्र में 2 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन किए। इनमें 90 लाख रुपये से निर्मित कोटि धीमान पंचायत में उठाऊ जल आपूर्ति योजना और ददाहू पंचायत के लिए एक करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से बनी उठाऊ जल आपूर्ति योजना का संवर्धन व सुधार कार्य शामिल है। इस दौरान विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार भी मौजूद रहे। इस अवसर पर अग्निहोत्री ने नौहराधार में बस अड्डा व संगडाह में जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने रेणुका विधानसभा क्षेत्र के लिए 8 करोड़ रुपये की जल जीवन मिशन योजना में से चार करोड़ रुपए की राशि तत्काल देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में एक सौ 10 करोड़ रुपये की 38 पेयजल और 23 सिंचाई योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। अग्निहोत्री ने संगड़ाह से चंडीगढ़ और शिमला को पुनः बस सेवा आरंभ करने की घोषणा की।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा सांसद कंगना रणौत द्वारा दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि वे मानसिक दिवालियापन की शिकार हो गई हैं और बेतुकी बयानबाजी कर रही है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी पर की गई टिप्पणी के लिए कंगना रणौत को माफी मांगनी चाहिए अन्यथा वे उन पर मानहानी का दावा करेंगे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भाजपा सांसद शब्दों की मर्यादा भूल गई हैं। उन्होंने वक्फ बोर्ड में सुधार किए जाने की बात करते हुए कहा कि प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा बनाना सरकार का दायित्व है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में चल रहे मौजूदा हालात को देखते हुए वक्फ बोर्ड की सम्पत्तियों, ज़मीन और पैसों के लेनदेन की जानकारी जनता के बीच आनी चाहिए।

बैंक शाखा

इस बीच लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ज़िला के सोलहमील में राज्य सहकारी बैंक की शखा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बैंक अधिकारियों की कार्य के प्रति लग्न और ईमानदारी से अब तक बैंक का राजस्व 26 हज़ार करोड़ तक पहुंच गया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार के कार्यकाल के दौरान लोगों की मांग पर प्रदेश में अब तक 22 शाखाओं को खोलने की स्वीकृति दी गई है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क

योजना के तीसरे चरण में शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में करीब 70 करोड़ रूपये की राशि खर्च की जा रही है।

<u>बिक्रम ठाकुर</u>

पूर्व मंत्री व भाजपा नेता बिक्रम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि प्रदेश के ग्रीन एनर्जी प्रोजैक्ट में बड़ा घोटाला सामने आया है और इसके तार राज्य पावर कॉरपोरेशन से जुड़े हुए हैं। आज धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर कई लैटर बम पहले भी सामने आए हैं लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि ऊना ज़िले के पेखुबेला में 32 मैगावॉट का सौर ऊर्जा प्लांट 2 सौ 20 करोड़ रूपये की लागत से स्थापित किया गया लेकिन 35 मैगावॉट का गुजरात में ऐसा ही सौर ऊर्जा प्रोजैक्ट मात्र एक सौ 44 करोड़ में पूरा हो गया। उन्होंने कहा कि हिमाचल में 3 मैगावॉट कम के प्रोजैक्ट पर 76 करोड़ रूपये से अधिक धन राशि खर्च की गई और इस भारी अंतर से स्पष्ट होता है कि इस प्रोजैक्ट में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं।

<u>मानक ब्यूरो</u>

विश्व मानक दिवस श्रृंखला के तहत सिरमौर ज़िला के पावंटा साहिब में मानक महोत्सव का आयोजन किया गया। विधायक सुखराम चौधरी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उत्पाद स्टेंडर्ड के अनुरूप ही बनना चाहिए और उद्योगों पर उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ने से उन्हें फायदा होगा। सुखराम चौधरी ने इस तरह के कार्यक्रम समय—समय पर करवाने की ज़रूरत बताई। इस अवसर पर बी.आई.एस देहरादून शाखा के निदेशक व प्रमुख सौरभ तिवारी ने इस वर्ष की थीम उद्योग, नवाचार व अवसंरचना के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में सिरमौर ज़िले के विभिन्न स्टेडर्ड क्लब के बच्चों ने सामूहिक मानक गीत प्रस्तुत किया और मानक संवर्धन में बेहतर कार्य करने वाले मेंटर, उद्योग, रिसोर्स पर्सन और शिक्षा व पंचायती राज के अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

<u>'' मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के 6 साल पूरे— देश भर में करीब 55 करोड़ लोगों को मिला योजना का लाभ।
- राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन दिल्ली में शुरू— विधानसभा अध्यक्ष ने कार्य संचालन में बदलाव और वित्तीय स्वायतता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रेणुका विधानसभा क्षेत्र में दो करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं के किए उद्घाटन।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने वक्फ बोर्ड में सुधार करने की बताई ज़रूरत।